दिन– शुक्रवार दिनांक– 13 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे की जांच शुरू की।

02. टाटा समूह ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की।

03. प्रदेश में उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस सिपाहियों की बहाली के लिए सोलह जुलाई से छह चरणों में होगा लिखित परीक्षा का आयोजन।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत के आसार नहीं।

————————————————————————————

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे की जांच शुरू कर दी है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जांच अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की जाएगी। श्री नायडू ने बताया कि सरकार इस मामले की विस्तृत जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति गठित कर रही है। यह समिति उड़ान सुरक्षा मजबूत करने और भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के उपायों पर विचार करेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

———बाईट———

श्री शाह ने कल अहमदाबाद में दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में की। उनहोंने कहा कि गुजरात की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय जल्द डीएनए जांच पूरी करेंगे, जिसके बाद शव परिवार वालों को सौंप दिए जाएंगे।

इस बीच, एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में दो सौ इकतालीस लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। विमान कल दिन के एक बजकर उनतालीस मिनट पर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में यात्री और चालक दल समेत कुल दो सौ बयालीस लोग सवार थे। इनमें एक सौ उन्नहत्तर भारतीय, तिरेपन ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल थे। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी नेता विजय

रूपाणी भी मृतकों में शामिल हैं। रमेश विश्वास कुमार नाम के एक यात्री इस हादसे में सुरक्षित बच गये। इस बीच, टाटा ग्रुप के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने प्रत्येक मृतक के परिजनों कंपनी की ओर से एक–एक करोड़ रुपये दिये जाने की घोषणा की है।

———————————————————————

प्रदेश में उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस सिपाही की बहाली के लिए सोलह जुलाई से तीन अगस्त के बीच छह चरणों में लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों में छह सौ सत्ताईस केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा में सोलह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रतिदिन एक पाली में दोपहर साढ़े बारह बजे से दो बजे के बीच होगी। श्री कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को सुबह साढे नौ बजे से साढे दस बजे तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिलेगा। इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रत्येक जिले में डीएम को परीक्षा समन्वयक और एसपी को सह–समन्वयक बनाया गया है। अभ्यर्थी बीस जून से अपना एडमिट कार्ड डॉउनलोड कर सकते हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायतीराज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता को डेढ़ गुना तक बढ़ाने की घोषणा की है। पटना में पंचायतीराज प्रतिनिधियों के एक शिष्टमंडल से भेंट वार्ता में मुख्यमंत्री ने छह महत्वपूर्ण घोषणाएं की। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचयातीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। मनरेगा के तहत मुखिया अब पांच लाख रूपए की जगह, दस लाख रूपए तक की योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दे सकेंगे। साथ ही अब पंचायतीराज संस्थाएं पंद्रहवें वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से प्राप्त राशि से पंद्रह लाख रूपए तक की योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय स्तर पर स्वयं लागू कर सकेंगी। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति के आवेदन को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का जिलाधिकारियों को आदेश दिया गया है। अब पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यकाल के दौरान सामान्य मौत होने पर भी पांच लाख रूपए अनुग्रह राशि दी जाएगी। पहले सिर्फ आकस्मिक मृत्यु होने पर ही यह प्रावधान था। शिष्टमंडल के साथ वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार हो जायेंगे। पंचायत सरकार भवन निर्माण का जिम्मा भी ग्राम पंचायतों को ही सौंपा जाएगा। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से दो सौ इकहत्तर करोड़ पन्द्रह लाख रूपये की राशि का हस्तांतरण करेंगे। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास एक अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी करेंगे।

——————————————————————————

प्रदेश के सभी न्यायालयों और थानों में कोर्ट प्रभारी और नायब तैनात किये जायेंगे। अपराध अन्वेषण ब्यूरो–सीआईडी के अपर पुलिस महानिदेशक, एडीजी पारस नाथ ने कहा है कि पुलिस से जुड़े मामलों के ट्रायल में तेजी लाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। श्री नाथ ने कहा कि कोर्ट प्रभारी और नायब न्यायालय से जारी होने वाले समन, वारंट और कुर्की आदि का कार्य समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे। उनहोंने बताया कि पिछले मार्च महीने से प्रयोग के तौर पर पटना में कोर्ट प्रभारी और कोर्ट नायब की व्यवस्था लागू की गयी है। इसके सकारात्मक और सफल प्रयोग को देखते हुये यह व्यवस्था राज्य के सभी थानों में लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी को कोर्ट प्रभारी बनाया जायेगा जबकि सिपाही को कोर्ट नायब बनाया जायेगा।

——————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्से में गर्म दिवस की स्थिति बने रहने की संभावना है। उत्तर बिहार समेत कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

———बाइट———

——————————————————————————

इधर, भीषण गर्मी को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने जिले में कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक ही जारी रखने के निर्देश दिये हैं। कोचिंग संस्थानों में अपराह्न साढ़े चार बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। वहीं, प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र सुबह दस बजे तक ही संचालित होंगे। यह आदेश आज से सोलह जून तक प्रभावी रहेगा।

——————————————————————————

मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में महिलाओं के नाम से छह लाख सत्तर हजार सात सौ

इक्यासी दस्तावेजों का निबंधन हुआ है। इस निबंधन के माध्यम से संतावन हजार पांच सौ बीस एकड़ भूमि का स्वामित्व महिलाओं के नाम स्थानांतरित किया गया है। श्री सदा ने कहा कि महिलाओं को दस्तावेजों के निबंधन शुल्क में दी गयी शून्य दशमलव चार प्रतिशत की रियायत का व्यापक असर हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में महिलाओं को निबंधन शुल्क में एक सौ तीस करोड़ छियालीस लाख रूपये की सीधी छूट मिली है।

——————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि वे अपनी सभी शाखाओं और गैर–गृह शाखाओं सहित, निष्क्रिय खातों और दावा न की जा रही जमा राशि खाते को सक्रिय बनाने के लिए केवाईसी– ग्राहक को जानो को अद्यतन कराएं। रिज़र्व बैंक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बैंकों को वीडियो–ग्राहक पहचान प्रक्रिया द्वारा निष्क्रिय खातों और लावारिस जमा राशि खातों को केवाईसी अपडेट की सुविधा प्रदान करने के प्रयास करने चाहिए।

——————————————————————

देश में मई महीने में खाद्य पदार्थों के दाम घटने से खुदरा मुद्रा स्फीति की दर घटकर दो दशमलव आठ प्रतिशत पर आ गई। अप्रैल में यह दर तीन दशमलव एक–छह प्रतिशत दर्ज हुई थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वार्षिक आधार पर यह फरवरी दो हजार उन्नीस के बाद सबसे कम मुद्रा स्फीति दर है।

——————————————————————

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आईजीआईएमएस में तीन समेत छह नये मरीजों की पुष्टि हुई है। पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि कोविड संक्रमितों की कुल संख्या बहत्तर हो गयी है।

——————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

सहरसा जिले की पुलिस ने बैजनाथपुर थाना क्षेत्र से पचास हजार रूपये के इनामी अपराधी नीलसागर यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने बताया कि अपराधी के खिलाफ सहरसा, पूर्णिया और मधेपुरा जिले के विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं।

——————————————————————

रोहतास पुलिस ने ट्रेनों में महिलाओं के जेवरात छीनने और चुराने वाले एक अंतरजिला गिरोह के पांच सदस्यों को सोने–चांदी के जेवरात के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के खलावापट्टी तमकुहवा गांव के पास गंडक नदी में नहाने के दौरान छह बच्चे डूब गए। थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि हादसे में चार बच्चों के डूबने से मौत हो गयी। एसडीआरएफ की मदद से एक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं, एक अन्य की तलाश जारी है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अहमदाबाद में हुये विमान हादसे को अपनी बैनर खबर बनायी है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– उड़ते ही गिरा विमान, दो सौ पैंसठ मरे।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है– अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग ड्रीमलाइनर बना आग का गोला।

दैनिक भास्कर ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई पर लिखा है– रिशु श्री और उससे जुड़े लोगों के नौ ठिकानों पर छापेमारी।

प्रभात खबर ने महागठबंधन की बैठक पर लिखा है– गठबंधन के घटक दल देंगे अपनी पसंदीदा सीटों की सूची।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर तैयारी करेगी लोजपा, आर।

आज अखबार लिखता है–प्रोफेसर रणवीर नंदन बने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे की जांच शुरू की।

02. टाटा समूह ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की।

03. प्रदेश में उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस सिपाहियों की बहाली के लिए सोलह जुलाई से छह चरणों में होगा लिखित परीक्षा का आयोजन।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत के आसार नहीं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।